समय सीमा की बैठक में सी एम जन विश्वास, जन संवाद शिविरों में प्राप्त शत प्रतिशत आवेदनों का हो निराकरण, कलेक्टर ने दिए निर्देश



छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने कहा कि सीएम जनविश्वास अभियान के तहत आयोजित जनसंवाद शिविरों के दौरान लोन प्रकरणों में बैंक शाखाओं द्वारा वर्किंग कैपिटल समय से ना देने की शिकायतें सामने आई हैं। लीड बैंक मैनेजर सभी ब्रांच मैनेजर को इस संबंध में निर्देश जारी करें कि हितग्राहियों को वर्किंग कैपिटल समय पर जारी की जाए। सभी जिला अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि हितग्राही मूलक योजनाओं से संबंधित आवेदन, चाहे वे जनसुनवाई, सीएम हेल्पलाइन, सीएम जनविश्वास शिविर अथवा अन्य माध्यमों से प्राप्त हो रहे हों, उन सभी का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण हो। कोई भी पात्र हितग्राही शासन की योजना के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। सामाजिक सुरक्षा पेंशन के भी कोई भी आवेदन लंबित न रहें। कलेक्टर श्री नारायन सोमवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित समय सीमा प्रकरणों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में जिला अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। बैठक में सेवा संकल्प अभियान व मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के क्रियान्वयन, सीएम हेल्पलाइन व जनसुनवाई आवेदनों के निराकरण और विभिन्न आयोगों, वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त आवेदनों में की गई कार्यवाही की भी विभागवार विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान सी.ई.ओ. जिला पंचायत अग्रिम कुमार, अपर कलेक्टर धीरेन्द्र सिंह व संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अंकिता त्रिपाठी सहित जिला प्रशासन एवं सभी विभागों के जिला अधिकारी कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में उपस्थित थे, जबकि फील्ड के अधिकारी वीसी से जुड़े थे।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि ढाबों में जांच कर शराब की अवैध बिक्री पर नियमानुसार कार्यवाही करें। एन.एच.ए.आई के अधिकारी नेशनल हाईवे पर बड़े वाहनों द्वारा नियमों के उल्लंघन पर प्रभावी कार्यवाही करें। उन्होंने अभी तक की गई कार्यवाही से असंतुष्टि व्यक्त करते हुए सही समय पर जांच करने और चालानी कार्यवाहियों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए कि स्कूली मैजिक वाहनों की जांच लगातार जारी रखी जाए और उनके द्वारा विद्यार्थियों के सुरक्षा उपायों से खिलवाड़ करता पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की जाए। इसी तरह जिला शिक्षा अधिकारी भी स्वयं सभी निजी स्कूलों के प्राचार्यों से बात करें और गत बैठक में दिए गए निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराएं। बच्चों की सुरक्षा के साथ किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

आमजन की बुनियादी आवश्यकताओं से जुड़ी समस्याओं का तत्परता से हो निराकरण- कलेक्टर ने निर्देश दिए कि बिजली, पानी जैसी आमजन की बुनियादी आवश्यकताओं से संबंधित समस्याओं का पूरी संवेदनशीलता के साथ तत्परता से निराकरण किया जाए। आगामी दिवसों में इस तरह की शिकायतों की अलग से विस्तृत समीक्षा की जाएगी, संबंधित सभी अधिकारी पूरी जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहें और बैठक के पूर्व इन समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित कराएं। इसी तरह नामांतरण, सीमांकन, अवैध कब्जा, समग्र आईडी और लंबित पेंशन प्रकरणों से जुड़ी शिकायतों की भी विस्तृत समीक्षा की जाएगी।

अगला सीएम जनविश्वास शिविर 09 अक्टूबर को बिछुआ के जमुनियाकला में- कलेक्टर श्री नारायन ने बताया कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत अगला जनसंवाद एवं जनसमस्या निवारण शिविर बिछुआ ब्लॉक के जमुनियाकला में आयोजित किया गया है। शिविर के पूर्व जमुनियाकला और आस-पास के ग्रामों की शासकीय संस्थाओं का औचक निरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने सभी जिला अधिकारियों को अनिवार्य रूप से इस शिविर में उपस्थित होने और अपनी अधीनस्थ संस्थाओं का निरीक्षण कर प्रतिवेदन परख ऐप में ऑनलाइन दर्ज करने के निदेश दिए हैं।

इस सप्ताह डेंगु-मलेरिया के नहीं आएं नए केस- डेंगु-मलेरिया पर नियंत्रण कार्यवाहियों की समीक्षा के दौरान जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि इस सप्ताह डेंगु और मलेरिया के नए केस सामने नहीं आए हैं। इस पर कलेक्टर ने संतोष जाहिर किया और मच्छरों पर नियंत्रण की कार्यवाहियां लगातार जारी रखने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सीएमएचओ को निर्देश दिए कि जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त संख्या में एंटी रैबीज वैक्सीन और एंटी स्नेक वेनम उपलब्ध रहें।, सीएमएचओ स्वयं इसकी मॉनिटरिंग करें।

सार समाचार

शिक्षा विभाग के कर्मी के कहने पर बदल गई जांच रिपोर्ट, इधर उत्कृष्ट विद्यालय पर अधिकारियों ने दिखा दी मेहरबानी



छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। शासकीय स्कूलों में कबाड़ बेचने के नाम पर बड़ा खेल हुआ है स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय और एमएलबी स्कूल में बड़ी मात्रा में कबाड़ बेचा गया है उत्कृष्ट विद्यालय और एमएलबी स्कूल में ऐसे फर्नीचर को भी कबाड़ के भाव बेच दिया गया जो किसी दूसरे शासकीय स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए प्रयोग हो सकते थे इस फर्नीचर में डेस्क के साथ बॉस्केटबाल के खंभे भी शामिल थे जबकि एमएलबी स्कूल में स्कूली डेस्क कबाड़ में बेचे जाने की बात सामने आई थी।

उक्त मामले को संज्ञान में लेकर एस.डी.एम. सुधीर जैन ने जांच के आदेश जारी किए थे इसके लिए बकायदा चार सदस्यीय जांच दल गठित किया गया था इस जांच दल में जिला शिक्षा कार्यालय में पदस्थ सहायक संचालक वित्तीय अशोक कुलस्ते, शासकीय हाई स्कूल चारगांव प्रहलाद के प्राचार्य अजय शर्मा, शासकीय हाई स्कूल बरारीपुरा की प्राचार्य मंगला कालवांडे और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गांगीवाड़ा के लेखापाल अविनाष ठाकरे को जांच अधिकारी बनाया गया था। सूत्रों की माने तो जांच टीम को एमएलबी स्कूल में कबाड़ बेचने के मामले में गड़बड़ी भी मिली थी लेकिन शिक्षा विभाग में पदस्थ एक कर्मी के कहने पर पूरी जांच रिपोर्ट बदल दी गई। उक्त मामले में जांच टीम द्वारा स्कूल प्रबंधन को क्लीन चिट देने की खबरें सामने आ रही है।

इधर एक्सीलेंस स्कूल की जांच नही

एक ही स्कूल में जांच दल भेजा गया जबकि एमएलबी के साथ उत्कृष्ट विद्यालय में भी कबाड़ बेचने की बातें सामने आई थी लेकिन अधिकारियों में बिना जांच के ही एक्सीलेंस स्कूल को क्लीन चिट दे दी वहीं एमएलबी स्कूल में जांच दल भेजकर मामले को अब रफादफा करने की तैयारी की जा रही है।

क्या इन बिंदुओं पर हुई है जांच

नियम के मुताबिक यदि किसी शासकीय स्कूल को कबाड़ बेचना होता है तो इसके लिए सबसे पहले एक समिति का गठन किया जाता है समिति फर्नीचर अथवा अन्य सामग्री का भौतिक सत्यापन करती है फिर इसकी रिपोर्ट बी.ई.ओ. के माध्यम से डी.ई.ओ. को भेजी जाती है विभागीय अधिकारी के अनुमति के बाद कबाड़ अथवा अन्य सामग्री बेचने की अनुमति स्कूल प्रबंधन को मिलती है, इस आदेश के आधार पर निविदा निकाली जाती है, इसका दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशन होता है जिसके बाद तीन अलग-अलग फर्मों के टेंडर बुलाए जाते हैं, संबंधित सामग्री की बोली लगाई जाती है जिसकी बोली सर्वाधिक होती है उसे कबाड़ खरीदने की अनुमति दे दी जाती है लेकिन एक्सीलेंस स्कूल और एमएलबी स्कूल प्रबंधन द्वारा कबाड़ बेचने के लिए बीईओ और डीईओ दोनों की अनुमति नहीं ली गई।

किस आधार पर मिल रही क्लीन चिट

नियम के मुताबिक डी.ई.ओ. और बी.ई.ओ. की अनुमति के बाद ही स्कूल को कबाड़ बेचना होता है जबकि हाल ही में लोक शिक्षण संचालनालय ने आदेश जारी किए थे कि कोई भी स्कूल अपने पुराने अनुपयोगी फर्नीचर को नहीं बेचेंगे बल्कि इन्हें उपयोग हेतु बनाने के लिए उनकी मरम्मत कराई जाएगी। जबकि यदि किसी दूसरे शासकीय स्कूलों को इनकी आवश्यकता होगी तो उन्हें भेज दिया जाएगा। लेकिन छिंदवाड़ा जिले के स्कूलों में इन नियमों का पालन नहीं हो रहा है। प्रबंधन बच्चों के हित की जगह अपने हित को साधने में लगा हुआ है।

आदित्य ठाकुर के निधन पर व्यक्त की शोक संवेदना

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। वार्ड क्रमांक 12 निवासी मनोज ठाकुर के सुपुत्र आदित्य ठाकुर का नागपुर में उपचार के दौरान दु:खद निधन हो गया। उनके असमय निधन पर भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की हैं



संगठन में कसावट लाने घाना उमरी, खुमकाल एवं कटकुही मंडलम में कांग्रेस की हुई बैठक

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, छिंदवाड़ा के पूर्व सांसद नकुलनाथ एवं जिला काँग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे के निर्देश पर ब्लॉक काँग्रेस कमेटी नवेगांव के द्वारा जुन्नारदेव विधायक सुनील उईके की विशेष उपस्थिति में घानाउमरी, खुमकाल एवं कटकुही मंडलम की बैठक की गई। इस दौरान नवेगांव पर्यवेक्षक केकी होशंग पंथकी एवं ब्लॉक काँग्रेस नवेगांव के अध्यक्ष सिम्मीलाल परतेती भी उक्त सभी बैठकों में उपस्थित रहे। बैठक मे उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक सुनील उईके ने कहा कि इस समय पूरे प्रदेश में हमारे नेता राहुल गाँधी के निर्देश पर बड़ी तेजी से संगठन सृजन का कार्य चल रहा है। इसी कड़ी में मार्गदर्शक एवं प्रेरणास्त्रोत पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देश पर हमारी विधानसभा में भी यह कार्य तेजी से किया जा रहा है। कमलनाथ हमेशा संगठन को विशेष तरजीह देते हुए बड़ी मेहनत से छिंदवाड़ा जिले के संगठन को मजबूत बनाया है, इसीलिए छिंदवाड़ा के संगठन की पूरे देश मे चर्चा होती है, अब हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हम अपने संगठन में समय के अनुसार परिवर्तन करते हुए इस परंपरा को आगे बढ़ाए। आने वाला समय चुनौतिपूर्ण रहने वाला है इसलिए हमें अपने बूथ के संगठन को सशक्त बनाते हुए हर चुनौती का सामना ओरी मजबूती से करना है। अब हम सभी को अपनी कमर कसके जनसमस्याओं एवं भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ सड़क पर उतरकर आंदोलन के लिए तैयार हो जाना चाहिए। बैठक को पर्यवेक्षक केकी होशंग पंथकी एवं ब्लॉक अध्यक्ष सिम्मीलाल परतेती ने भी संबोधित किया। बैठक में विधायक सुनील उईके के साथ केकी होशंग पंथकी, सिम्मीलाल परतेती, महेश नंदवंशी, गोकुल यदुवंशी, मुकेश उइके, मन्नू यदुवंशी, शिवा यदुवंशी, सुंदर पटेल, मनोहर यदुवंशी, तानूराम धुर्वे, विजय सूर्यवंशी, प्रदीप बत्रा, मोटू धुर्वे, मुकेश उइके, लक्ष्मण धुर्वे, शिवराम भम्मरकर, रघुवीर इवनाती, इत्तूलाल अहाके, मनीश साहू, श्यामलाल भन्नारे, सतीश साहू, लेखराम बेलवंशी, तातू इवनाती, मेशराम धुर्वे, सहित बड़ी संख्या में मंडलम कमेटी के सदस्य, पंचायत अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, बीएलए, पंचायत सदस्य शामिल हुए।

साहू समाज का होगा राष्ट्रीय स्तर का युवक-युवती परिचय सम्मेलन, बैठक में शामिल हुए पदाधिकारी



छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। विगत दिवस मध्य प्रदेश साहू समाज की छिंदवाड़ा इकाई की बैठक घनश्याम साहू संभागीय प्रवक्ता की अध्यक्षता में ज़ेड कैटर्स कैंपस छिंदवाड़ा में आयोजित की गई। बैठक का प्रारंभ मां कर्मा देवी की पूजा एवम जयघोष के साथ किया गया। तत्पश्चात् नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष रमेश प्रसाद साहू का माल्यार्पण कर सम्मान किया गया साथ ही नव निर्वाचित कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष केशव साहू तथा अध्यक्ष नवीन साहू का माल्यार्पण कर सम्मान किया गया।

संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश कुमार साहू ने बताया कि मध्य प्रदेश साहू समाज द्वारा आगामी 20 दिसम्बर 26 को राष्ट्रीय स्तर का युवक युवती परिचय सम्मेलन विदिशा में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में विवाह योग्य युवक युवती की जानकारी सहित उड़ान स्मारिका के अठारहवें अंक का विमोचन किया जाएगा। जिलाध्यक्ष रमेश प्रसाद साहू ने जानकारी दी कि आगामी नवम्बर माह में प्रादेशिक कार्यकारिणी की बैठक छिंदवाड़ा में आयोजित होगी इस बैठक में नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारियों, स्थानीय पदाधिकारियों, समाज के वरिष्ठ जनों तथा समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। बैठक में आगामी दोनों कार्यक्रमों को सफल बनाने हेतु सभी सदस्यों ने सुझाव दिए।

ये रहे उपस्थित

बैठक का संचालन महेश कुमार साहू ने तथा आभार व्यक्त सुनील साहू ने किया। बैठक में सतीश कुमार साहू, केशव साहू, रमेश प्रसाद साहू, नितिन साहू, गिरीश साहू, सुनील साहू, महेश कुमार, ए घनश्याम साहू, राजेश साहू, राजेश साहू, अशोक साहू, संजय साहू, डॉ. मयंक साहू, चंचलेश साहू, अभिषेक साहू, नंद किशोर साहू, जितेंद्र साहू, सुरेश साहू, अनिल साहू एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे ।

सांसद बंटी विवेक साहू ने जिले में 27 रंगमंचों सहित अन्य निर्माण कार्यों के लिए स्वीकृत की 32 लाख 50 हजार की सांसद निधि

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले में केन्द्र एवं प्रदेश सरकार के सहयोग से करोड़ों के निर्माण कार्य स्वीकृत किए जाकर प्रारंभ किए जा चुके है। सांसद बंटी विवेक साहू जहा दोनों जिलों में मूलभूत सुविधाओं का विषेष ध्यान देकर विकास कार्य स्वीकृत करवा रहे है वहीं अपनी सांसद निधि से भी विकास कार्यों के लिए राशि स्वीकृत कर रहे है। इसी के तहत सांसद बंटी विवेक साहू ने 08 भाजपा मंडल अध्यक्षों की अनुशंसा पर 27 रंगमंचों सहित अन्य निर्माण कार्यों के लिए अपनी सांसद निधि से 32 लाख 50 हजार रूपये की राषि स्वीकृत की है।

सांसद बंटी विवेक साहू ने विभिन्न 27 रंगमंचों सहित अन्य निर्माण कार्यों के लिए 32 लाख 50 हजार की राषि स्वीकृत की है। जिसमें मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला की अनुशंसा पर छिंदवाड़ा शहर के वार्ड नंबर 17 संतोषी माता वार्ड में फर्शीकरण के लिए 2 लाख, वार्ड नंबर 21 डॉ. अंबेडकर वार्ड में 2 लाख, मंडल अध्यक्ष लीला बजौलिया की अनुशंसा पर छिंदवाड़ा शहर के वार्ड नंबर 39 में ओपन जिम चैकर्स के लिए 1 लाख 50 हजार, वार्ड नंबर 48 कुंडाली चौक में शमशान घाट में टीन शेड के लिए 1 लाख, वार्ड नंबर 41 सुंदर देवरे नगर ओपन जिम चैकर्स के लिए 1 लाख 50 हजार, चंदनगांव में टीनशेड निर्माण के लिए 4 लाख राशि

श्री रामलीला मंडल 138 वें वर्ष में प्रवेश आयोजित हुई ऐतिहासिक वार्षक बैठक 4 के क्वालिटी में होगा श्रीरामलीला का सीधा प्रसारण

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। सनातन संस्कृति और प्रभु श्रीराम की लीलाओं की पावन परंपरा को संजो, शहर की ऐतिहासिक संस्था श्री रामलीला मंडल, छिंदवाड़ा अपने 138वें गौरवशाली वर्ष में प्रवेश कर चुकी है। इस अवसर पर रविवार को स्थानीय श्रीराम मंदिर मानस भवन, छोटी बाजार में मंडल की महत्वपूर्ण वार्षिक बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी 14 दिवसीय श्रीरामलीला मंचन और विजयादशमी (दशहरा) पर्व की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक के संबंध में जानकारी देते हुए श्री रामलीला मंडल के अध्यक्ष अरविंद राजपूत ने बताया कि इस महत्वपूर्ण बैठक के सभापति के रूप में अशोक कुमार माहोरे शामिल रहे। बैठक का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं श्री राम जय राम जय जय राम के सामूहिक संकीर्तन के साथ हुआ। इसके पश्चात कार्यक्रम की प्रस्तावना मंडल के उपाध्यक्ष मयंक चौरसिया द्वारा रखी गई। बैठक में कोषाध्यक्ष सुभाष साहू द्वारा विगत वर्ष आयोजित प्रभु श्रीराम की पावन जन्मभूमि अयोध्या धाम तथा जबलपुर में हुए ऐतिहासिक श्रीरामलीला मंचन के आय एवं व्यय का पूर्ण ब्योरा प्रस्तुत किया गया। बैठक के दौरान वर्तमान कार्यकारिणी का विवरण कस्तूरचंद जैन द्वारा रखा गया, जिस पर सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए वर्तमान कार्यकारिणी के कार्यकाल को आगामी तीन वर्षों के लिए विस्तारित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। लीला मंचन की पूर्व तैयारियों एवं आगामी कार्यक्रमों पर प्रकाश डालते हुए मुख्य निर्देशक श्रांत चंदेल द्वारा बताया गया कि इस वर्ष 7 अक्टूबर से 14 दिवसीय पावन श्रीरामलीला का श्रीगणेश हो रहा है, जिसका भव्य समापन 20 अक्टूबर को विजयादशमी पर्व के साथ होगा।



उन्होंने 45 दिनों के कड़े पूर्वाभ्यास और मंचन की नवीन रूपरेखा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

बैठक में सचिव राजेंद्र आचार्य द्वारा विगत वर्ष अयोध्या धाम और जबलपुर की ऐतिहासिक व गौरवशाली यात्रा के अविस्मरणीय संस्मरण प्रस्तुत किए गए। इसके उपरांत उपाध्यक्ष रोहित द्विवेदी द्वारा लीला अवधि के दौरान आयोजित होने वाली राम भोग सेवा की व्यवस्थाओं की जानकारी दी गई। डिजिटल प्रसारण के संबंध में जानकारी देते हुए मंडल के प्रवक्ता ऋषभ स्थापक द्वारा बताया गया कि विगत वर्ष अयोध्या धाम से हुए सीधे प्रसारण की तर्ज पर इस वर्ष छिंदवाड़ा की ऐतिहासिक रामलीला का लाइव प्रसारण भी अत्याधुनिक 4 के क्वालिटी में किया जाएगा, जिससे देश-विदेश के श्रद्धालु भी घर बैठे प्रभु की लीलाओं का आनंद ले सकेंगे। सदन को संबोधित करते हुए वरिष्ठ संरक्षक सतीश दुबे लाला, विजय आनंद दुबे एवं राजू चरणागर ने धर्म मर्यादा की रक्षा हेतु भगवान श्रीराम के जीवन आदर्शों पर अपने विचार व्यक्त किए। वहीं व्यासपीठ प्रमुख अनिल सेठिया द्वारा संगीतमय व्यवस्थाओं एवं शास्त्रीय गायन-वादन की पूर्व तैयारियों का विवरण साझा किया गया। वार्षिक बैठक के इस पावन अवसर पर शहर के गणमान्य नागरिकों, अतिथियों एवं मंडल के पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही जिनमें प्रमुख रूप से नरेंद्र साहू, धर्मेंद्र सोनू मागो, विजय पांडे, संतोष सोनी, नितिन उपाध्याय, इन्द्रजीतसिंह बैस, रिक्की खंडूजा, रामेश्वर प्रसाद चौरसिया, नरेश साहू, राजेंद्र सिंह ठाकुर, मंजीत सिंह बेदी, श्याम बाबा विश्वकर्मा, पीयूष विश्वकर्मा, हेमंत राय, रविकांत द्विवेदी, बबलू पांडे, युधिष्ठिर सोनी, गोविन्द राजपूत, तथा अंकुर शुक्ला शामिल रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन तरुण जैन द्वारा किया गया तथा अंत में मंडल के उपाध्यक्ष समन द्विवेदी द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों, पदाधिकारियों, कलाकारों एवं धर्मप्रेमी जनता का आभार व्यक्त किया गया।